लोग इंस्पेक्टर की बुद्धिमत्ता की प्रशंसा करने लगे, तो उन्होंने बताया यह सब मोहित की चालाकी, बुद्धिमानी और खोज  से संभव हो पाया है,उसमें विलक्षण क्षमता है। सब लोगों की आंखों में मोहित के लिए प्रशंसा और स्नेह उमड़ आया था। मोहित जब स्कूल से आया तो उसने अपने घर के बाहर ग्राम प्रधान और और लोगों को पाया।  वह बहुत

घबरा गया परंतु वहां पहुंचने पर जब सब लोगों ने उसको पकड़ कर गले लगाना शुरू किया और बताया कि कैसे इंस्पेक्टर ने उसकी बुद्धिमानी की बात की तो सब उसकी प्रशंसा करने लगे। मोहित के पिता को भी अपने बेटे की इस बुद्धिमानी पर बड़ा हर्ष हुआ।

कुछ दिनों उपरांत किसी ने रामू काका की गाय को उनके घर से रात में चुरा लिया। वह गाय उनके और उनके परिवार के जीवन यापन का एक बड़ा सहारा थी। सब जगह खोजने के उपरांत भी वह नहीं मिल रही थी। खेलता हुआ दोस्तों के साथ मोहित भी वहां आ गया और पूछा कि क्या बात है, उन्होंने बताया कि कल रात उनकी गाय को कोई चुरा कर ले गया।

काका अगर आप कहो तो मैं भी गाय को खोजने का प्रयास करूं,

हां बेटा, कुछ करो।

चोर गाय चुराते समय उसके बछड़े को वहीं छोड़ गए थे। मोहित के तेज दिमाग ने तुरंत एक योजना बना डाली।

उसने कहा काका अगर थोड़ी देर के लिए हमें गाय का बछड़ा दे दो तो हम गाय को ढूंढने की कोशिश करेंगे।

बेटा बछड़ा तो ले लो मगर उससे गाय ढूंढने में कैसे मदद मिलेगी यह हम पर छोड़ दो काका।

मोहित ने सोचा रात को गाय को ले जाते हुए न ही किसी ने देखा और न ही आवाज सुनी है। तो हो न हो गाय गांव में ही किसी ने चुराई है। बस यही उसके दिमाग में चल रहा था।

अपने दोस्तों के साथ बछड़ा लेकर वह हर उस घर के सामने से निकला जहां पशुपालन या किसी प्रकार के अन्य जानवर पाले जाते थे। जब भी ऐसे किसी घर के सामने से गुजरते तो वह बछड़े का कान मरोड़ देते। कान मरोड़ते ही बछड़ा जोर-जोर से चिल्लाने लगता। उनका विचार था यदि गाय किसी घर में होगी तो बछड़े की आवाज सुनकर जोर से बोलना शुरू कर देगी और सौभाग्य से यही हुआ।

एक घर के सामने से जब वह गुजर रहे थे और उन्होंने बछड़े का कान मरोड़ा तो वह जोर से चिल्लाने लगा। बछड़े की आवाज सुनकर घर के अंदर से गाय चिल्लाने लगी, उनका शक यकीन में बदल गया था।




उन्होंने जब घर खुलवाया तो देखा कि काका की गाय अंदर बंधी हुई थी। गांव के लोगों ने मोहित की भूरि-भूरि प्रशंसा की, आज फिर मोहित ने सबका दिल जीत लिया था। गांव में अब ऐसी छोटी मोटी घटनाएं जब भी होती तो लोग मोहित से जरूर सलाह लेते थे। लोग उसे प्यार से अब छोटा जासूस भी कहने लगे थे।

मोहित ने हाईस्कूल की परीक्षा प्रथम श्रेणी में बहुत अच्छे अंको से उत्तीर्ण की। पढ़ाई में उसकी रुचि को देखते हुए उसके पिताजी ने पास में एक इंटर कॉलेज में उसका दाखिला करा दिया। कुछ दिनों उपरांत कॉलेज में भी उसके कारनामों की खबर उसके दोस्तों के द्वारा लोगों को लग गई। उसके सहपाठी कॉलेज में, कुछ व्यंग में, कुछ प्रशंसा भाव में उसको छोटा जासूस कहने लगे। वह इन सब बातों का कोई प्रतिरोध नहीं करता था।

पढ़ाई में रुचि के कारण और अपनी खोजी प्रवृत्ति के कारण उसने विज्ञान में अपनी पढ़ाई करने का फैसला किया था। एक दिन कक्षा के उपरांत समस्त छात्र जब प्रयोगशाला में गए तो पता चला कि आज प्रयोगशाला में कोई कार्य नहीं होगा पूछने पर पता चला कि कल रात किसी ने तेजाब की बड़ी बोतल को चुरा लिया है। तेजाब का दुरुपयोग या गलत इस्तेमाल होने की आशंका में स्कूल के प्रिंसिपल ने जांच के लिए पुलिस को खबर कर दी थी। उस समय पुलिस वहां पर आकर समस्त लोगों से

पूछताछ कर रही थी। स्कूल के प्रिंसिपल, संचालक तथा उनके सहयोगियों से पुलिस पूछताछ कर रही थी। प्रयोगशाला में कार्यरत दो चपरासियों से पूछताछ की गई तो एक ने बताया कि वह पिछले 2 दिनों से अवकाश पर था इसलिए चोरी की घटना की उसको कोई जानकारी नहीं है, उसको आज स्कूल में आकर ही इस बात का पता चला। पुलिस ने खोजी कुत्तों की मदद से भी चोर का पता लगाने का प्रयास किया परंतु प्रयोगशाला में तीव्र गंध होने के कारण कुत्ते अपने प्रयास में सफल नहीं हुए। समस्त छात्र वापस कक्षा में आ गए। कुछ छात्रों ने व्यंग में मोहित से कहा तुम तो जासूस हो तो तुम ही पता लगाओ, किस ने चोरी की है यह कह कर उस पर व्यंग कसा। वह बस मुस्कुरा दिया किसी की बात का कोई उत्तर नहीं दिया। हां, मन में विचार जरूर किया कि वह चोर को पकड़ने का प्रयास अवश्य करेगा।

मोहित प्रयोगशाला में चोरी के संभावित कारणों पर विचार कर रहा था। प्रथम – अगर चोरी धन की पूर्ति के लिए की गई होती तो प्रयोगशाला से एसिड जैसी खतरनाक चीज को चुराकर क्यों ले जाता जबकि वहां अन्य कीमती वस्तुएं रखी हुई थी।



धन की पूर्ति के लिए चोरी की संभावना नगण्य है। यह भी हो सकता है सिरफिरे आशिक ने किसी को नुकसान पहुंचाने के लिए उसकी चोरी की हो परंतु उसके लिए पूरी बोतल ले जाने की आवश्यकता नहीं थी। अतः यह कारण भी होने की संभावना लगभग नहीं है। इसका उपयोग कई खतरनाक कार्यों के लिए भी किया जाता है, इसको खरीदने के लिए सरकार से पूर्व अनुमति आवश्यक होती है।  अतः किसी खतरनाक कार्य के लिए उसकी चोरी की गई हो.. बस यही विचार मोहित को परेशान कर रहा था। यह चोरी भी बिना किसी की सहायता से नहीं की जा सकती थी। अतः मोहित ने  इस दिशा में कार्य करने का निर्णय किया। उसने पता लगाने के लिए मन में एक योजना बनाई।

प्रयोगशाला में 2 चपरासी थे. उनमें एक काफी उम्र दराज़ था अतः उनसे ऐसे किसी कृत्य की संभावना नहीं थी। दूसरा चपरासी  युवा था जिसका नाम मनोज था। वह प्रिंसिपल साहब के निजी काम किया करता था अतः काफी बड़बोला और थोड़ा उद्दंड था। एक दिन  वह मनोज के पास गया और बोला-

मनोज भैया, आप से एक बात करनी थी।"

हां बोलो. " भैया हमें घर में कुछ बैठकर काम करने के लिए थोड़ा सा एसिड ले जाना है।

दिमाग तो सही है; कहीं एसिड भी घर ले जाने के लिए मिलता है! प्रिंसपल साहब सुनेंगे तो बहुत नाराज होंगे।"

भैया, हम एक प्रयोग कर रहे हैं जो इस एसिड के  बिना अधूरा रहेगा। हम अपने प्रयोग से प्रिंसपल साहब को अचंभित करना चाहते हैं। बस थोड़ा ही एसिड चाहिए, चाहे जो पैसे ले लीजिए।”

क्या बात है तुम भी प्रिंसिपल साहब जैसी कोई खोज कर रहे हो।

क्या प्रिंसिपल साहब भी कुछ खोज रहे हैं, मोहित ने पूछा।

नहीं नहीं, मेरा मतलब है कि उन्हें भी इन सब चीजों में काफी रुचि है।

फिर तो भैया आपको हमारी मदद करनी होगी मोहित बोला।

ठीक है, कल पैसे लेकर आना मैं तुमको थोड़ा एसिड दे दूंगा। मगर प्रिंसिपल साहब को बिल्कुल पता नहीं चलना चाहिए, मनोज बोला।

भैया बहुत-बहुत धन्यवाद, हम कल जरूर आएंगे।

वहां से आने के बाद मोहित सोच विचार में डूब गया। वह सोच रहा था कि मनोज ने ऐसा क्यों कहा कि प्रिंसिपल साहब भी इन सब बातों में बहुत रुचि रखते हैं। बस यही बात उस को परेशान कर रही थी।

"अपने खास दोस्तों से पैसा इकट्ठा कर वह अगले दिन मनोज के पास गया, उसने पैसे देकर उससे एसिड लिया। वह मनोज से बहुत करीब होकर बात कर रहा था। उसने कहा-" भैया कहीं ऐसा तो नहीं कि जिस चीज की खोज हम कर रहे हैं वही प्रिंसिपल साहब भी खोज रहे हो। हमारी सारी मेहनत ही बेकार ना हो जाए।"

" पता नहीं मगर वह भी कुछ जरूर कर रहे हैं मनोज बोला।

अच्छा तुम लोग अब यहां से जाओ सब देख लेंगे तो समस्या हो जाएगी।

मनोज सोच रहा था हो ना हो इस एसिड की चोरी में कहीं ना कहीं प्रिंसिपल साहब को जानकारी अवश्य है।

समस्या यह थी यह कैसे पता लगाया जाए।



सौभाग्य से एक दिन जब प्रिंसपल साहब स्कूल नहीं आए तो पूछने पर पता चला कि आज वह अस्वस्थ है इसलिए स्कूल नहीं आए। बस उनको देखने के बहाने शाम को मोहित और उसका दोस्त प्रिंसिपल साहब के घर पर चले गए, बच्चों को आया देखकर वह बहुत खुश हुए, क्योंकि वह घर पर अकेले रहा करते थे उन्होंने घर पर काम करने वाले नौकर से बच्चों के लिए कुछ मीठा लाने के लिए कहा। उसके बाद वह अपने कमरे में चले गए। मोहित ने नौकर से टॉयलेट जाने के लिए पूछा तो उसने बताया उसे किस दिशा में टॉयलेट के लिए जाना है।

सब कमरों में देखते देखते हुए जब टॉयलेट के लिए जा रहा था उसने एक कमरे की खुली खिड़की से अंदर झांका तो वह चौक गया।

कमरे के अंदर प्रयोगशाला से चोरी हुई एसिड की बोतल रखी थी। कमरे में कहीं छोटी बड़ी बैटरी, तार, इत्यादि भी फैले हुए थे, उसे किसी बड़ी अनहोनी की आशंका हुई।

घबराया सा मोहित अपने दोस्त के साथ तुरंत वहां से चला आया। सारी बात अपने दोस्त को बताई, क्योंकि बात प्रिंसपल साहब से संबंधित थी वह दोनों किसी और से बता भी नहीं सकते थे। अतः उन दोनों ने निर्णय किया कि वह दोनों चुपके चुपके

प्रिंसपल साहब के घर के पास निगरानी रखेंगे। 2 दिन बाद ही रात को खाना खा कर जब वह प्रिंसपल साहब के घर की तरफ गया तो उसने कुछ लोगों को चोरी चोरी उनके घर में दाखिल होते देखा। वह वहां खड़ा देखता रहा, थोड़ी देर के उपरांत उसने देखा कि वह सभी लोग प्रिंसिपल साहब के घर से बाहर आए प्रिंसिपल साहब उनको छोड़ने बाहर तक आए थे।

उस का मन फिर आशंकाओं से भर गया। वापस आकर उसने इस विषय में अपने मित्र से मंत्रणा की।

अगले दिन कॉलेज के समय के उपरांत वह नजदीकी पुलिस स्टेशन में गया। वह बहुत घबराया हुआ था, उसकी निगाहें उस पुलिस अफसर को ढूंढ रही थी, जो तफ्तीश के लिए कॉलेज में आया था। मोहित को वह इंस्पेक्टर ईमानदार और शरीफ लगा था। वह अपने मन की बातें उसी को ही बताना चाह रहा था।

लोगों से बात करने के उपरांत वहां मौजूद पुलिस वाले ने उसको उस इंस्पेक्टर के पास बगल के कमरे में भेज दिया।

" नमस्ते सर, कमरे में घुसते हुए मोहित बोला।"

नमस्ते, अपने कमरे में स्कूल यूनिफॉर्म में एक बच्चे को देख कर वह थोड़ा चौक गया।

क्या बात है बेटा, यहां कैसे आए हो।

घबराओ नहीं क्या बात है बैठ जाओ।

मन को पक्का करके मोहित वहां कुर्सी पर बैठ गया।

वह बोला" सर हमें आपसे अकेले में में कुछ बात करनी है। सर, हमारे स्कूल में जो एसिड की चोरी हुई है उसके बारे में बात करनी है।



एसिड चोरी की बात सुनकर वह इंस्पेक्टर थोड़ा चौका, उसने कहा बेटा डरने की कोई बात नहीं है, जो कुछ कहना चाहते हो बेझिझक कहो।

मोहित थोड़ा आश्वस्त हुआ।

उसने शुरू से लेकर जो कुछ भी देखा, सुना और जाना इंस्पेक्टर साहब को बता दिया। उसकी बातें सुनकर इंस्पेक्टर भी भौंचक्का रह गया। उसने प्रशंसा भरे शब्दों में कहा-"तुमने अपने प्रयासों से इतना कुछ जान लिया जो हम लोग इतने दिनों में नहीं जान सके।

उसने मोहित से कहा कि वह इस बात की चर्चा किसी से ना करे। वह अब अपने स्तर पर सच्चाई पता लगाने की कोशिश करेंगे।

इंस्पेक्टर साहब अगले दिन ही अपनी टीम के साथ कॉलेज में आ गए। क्योंकि प्रिंसिपल साहब बीमार थे वह लोग उनके घर चले गए। वहां पहुंच कर उन्होंने प्रिंसपल साहब से उनका घर देखने की इजाजत मांगी। प्रिंसिपल साहब इस बात से बहुत नाराज हो गए और उन्होंने घर दिखाने से बिल्कुल मना कर दिया। इंस्पेक्टर को अब मोहित की बातों में दम लग रहा था। अतः उसने प्रिंसिपल साहब को  वहीं बैठा कर उनके घर के हर कमरे की जांच शुरु कर दी। जैसा कि मोहित ने बताया था इंस्पेक्टर जब उस कमरे में पहुंचा तो वहां बिखेरे तारों को देख कर समझ गया कि यहां किसी प्रकार का खतरनाक रासायनिक बम बनाया जा रहा है।

कॉलेज के प्रिंसिपल को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया। सब लोग प्रिंसिपल के कारनामों के लिए उन्हें कोस रहे थे। थाने में कड़ी पूछताछ के दौरान प्रिंसिपल साहब ने बताया कि वह यह सब आतंकवादियों के एक गिरोह के लिए कर रहे थे। उनकी जानकारी से आतंकवादियों के एक खतरनाक गुट को भी पकड़ लिया गया। पुलिस की इस उपलब्धि पर अखबारों में, लोगों में पुलिस की काफी प्रशंसा हो रही थी। लोगों को वास्तव में आतंकवादियों के खतरनाक इरादों से मुक्ति जो मिली थी।

स्कूल प्रशासन के द्वारा पुलिस टीम के सम्मान के लिए एक समारोह आयोजित किया गया जिसमें उस इंस्पेक्टर को पुलिस के आला अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया जाना था। स्टेज पर जब उस इंस्पेक्टर को सम्मान देने के लिए बुलाया गया तो उसने यह कह कर सबको चौंका दिया कि इस सम्मान का असली हकदार वह नहीं वरन इसी कॉलेज का छात्र मोहित है। उसने स्टेज पर ही मोहित को बुलाया और उसके द्वारा किए गए प्रयासों से सब को अवगत कराया। पुलिस के आला अधिकारी भी एक छात्र की बुद्धि, साहस और ईमानदारी के कायल हो गए। उन्होंने स्टेज पर ही मोहित को माला पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा मोहित पढ़ाई में ही अव्वल नहीं है उसमें विलक्षण खोजी प्रतिभा है, निस्संदेह आपका मोहित चतुर छोटा जासूस है।

पूरा कॉलेज मोहित की चतुराई से उसका कायल हो गया था। वह कॉलेज में छोटा जासूस नाम से प्रसिद्ध हो गया था।

मोहित का मित्र आज विश्वविद्यालय में रसायन शास्त्र का प्रोफ़ेसर है। विद्यालय में आयोजित एक गोष्ठी में वह अपने मित्र मोहित के बारे में चर्चा करते हुए काफी उदास हो गए थे। वहां मौजूद लोग मोहित के बारे में और जानना चाह रहे थे परंतु वह इतने भावुक हो गए थे कि उन्होंने कुछ कहने से इनकार कर दिया। मोहित की अधूरी कहानी ने लोगों की उत्कंठा और बढ़ा दी थी। आगे क्या हुआ लोग यह सब जानने में बहुत इच्छुक थे।


Mr. Sushil Mehrotra was born & brought up at Kanpur where he did his post graduation in science. He is presently staying in Moradabad after his retirement as an executive from Indian Bank.




# Orthodox mindset in the society

## Time to change gender biased thinking

Writer: Lt. Col. Dinesh Kapoor (Retd.), Gurgaon




Orthodoxy is defined as," what is traditional or the established faith in society". It is following what are the commonly accepted customs and beliefs. The one thing that orthodoxy almost completely wipes out and discourages is creativity and new ideas that can be beneficial to society. Only traditional beliefs are accepted in an orthodox society. So even if a brilliant idea is

introduced, it won’t be accepted as it is new and different. It is common knowledge that we must accept change with time and if one wants to remain connected and updated, we must be open to accept new ideas or thinking. If we are not open to new ideas or anything not of the traditional beliefs, we would not be even close to progress in life. We as a society and as a Nation have made tremendous all-round progress because we accepted change due to some revolutionary and new ideas or thinking. There are numerous examples in our history, people such as Rani Ahilya Bai Holkar, Raja Ram Mohan Roy, Swami Vivekanand, Dr Ram Manohar Lohia, Netaji Subash Chandra Bose and our PM Shri Narendra Modi etc who came up with new ideas so as to bring a positive change in society and in our lives.

All of the great intellectuals are/were anything but orthodox in their beliefs. Many people who have helped society the most by new ideas and inventions are looked at as crazy during their lifetime. The present modern society has observed many changes and humongous developments in various fields like science,

information technology, biology, Human Resource Development, work culture and in the day today life within our society. Unfortunately, we can see very little transformation in the orthodox and traditional mindset of people. The traditional patriarchal societies of modern India believe that Indian girls should confine themselves to the customs and traditions of their families. They consider girls as their reputation, and freedom given to them will tarnish their image within the society. Societies have the ubiquitous view that women are subject and subordinate to men and there is no need to provide them education as they have to go to their husband's home sooner or later. Even today many villages / societies observe "***Khap Panchayat***" (against inter-cast Marriage), ***Love Jihad*** , ***Veil for women (****Ghoonghat****), Halala for Muslim women and Honour Killing*** etc which reflects that such societies still consider women as inferior to men. This traditional view is all pervasive and is one of the most responsible causes for degradation in the condition of women. As rightly said by Gandhi ji: "**Women have been gifted by God but their marvellous power has been lying dormant. If they realize their power they can dazzle the world.**"

The present society in the 21st century, has made great advancements in various fields, but unfortunately, the society is still Orthodox. The mindsets of people are very Orthodox, conservative, baseless, brainless and heartless. And the Orthodox mindsets are more specifically towards woman, they enjoy talking of these things. Today too, our so-called developing society measures a girl's images by the clothes she wears, by the time she comes back home, by the way of life she lives, whether she is married, why she is not getting marrying, there must be some defect in her that no one is accepting her etc. All this interests, other people and society very much and this doesn't end here because sometimes the situation for girls become so disastrous that they have to face severe victimisation which affects them mentally as well as physically. They have to go




through extreme social pressure and have to face substantial criticism by their neighbours, relatives and society.

Starting from little abuses which a woman faces in streets to the worst sexual assaults, a woman faces many Orthodox mindsets, like it's always the woman who  is meant to do household chores, it's the woman who always needs the protectiveness of her father or husband, it's always the woman who has to adjust in her in-laws family even if she has to face domestic violence, it's a woman who may have to face  the acute crimes like bride burnings or acid attacks or rape.  The list is a long one.  Every question of this long list is trying to assassinate a woman's existence. The point is that why only a woman is discriminated all the time? Why is she considered as The Other Sex? Why is always woman The Victim? Why we have different rules for men? Why men consider themselves as superior to women?

Recently during a visit to one of our close relatives we experienced a similar situation. We were discussing crime against women when my relative suddenly commented that since women are not dressed properly such as not wearing a Bindi on their forehead or wear revealing clothes while going for work, they are subjected to harassment and abuse. He started quoting the old Indian traditions of ***“Solah Shingar”*** which meant to curb the freedom of movement of married women, prevented them from going out for work and spend their life in taking care of the family and daily house chores. There was some discussion also on this with differing views. We were aghast and shocked to hear such orthodox mindset towards women especially married women and Daughters in Laws, in our so called modern and educated society. The whole perception towards a daughter and daughter-in-law is different. A working wife or a daughter may wear any thing of her choice, may go wherever she wants to but same rules do not apply to a married woman in the society or a Daughters in Law. It was shocking and a very regressive thinking.

***Badi Badi imartoan mai rehne wali choti soch"*** – It's a story, a case study of the people who live in big- big houses and are economically developed to a good extent but are still lagging behind in terms of their thoughts and mentality, that is where their orthodox thoughts are still not making them developed.




"Women empowerment refers to making women powerful to make them capable of deciding for themselves." On one hand our government is working towards women empowerment having launched ***Beti Bachao, Beti Padao*** scheme (Beti Bachao-Beti Padhao is the social awareness campaign making the parents

celebrate the birth of a baby girl instead of getting unhappy), allowed entry of women in Army as permanent Commissioned Officers, Abolished Triple Talaq, increasing the age of women for marriage, increasing women representation in Parliament and in State Assemblies, equal education and work opportunities for women etc yet many sections of our society are still living in the past and do not want to come out and accept change.

Over a period of time with change in government policies, education of women, equal work opportunities and Globalisation, women in India have distinguished themselves as Teachers, Nurses, Air-Hostesses, Scientists, Doctors, Engineers, Astronauts, IT engineers, Army Officers and Entrepreneurs, they are also participating in politics and administration. But in spite of this amelioration in the status of women, the evils of illiteracy, dowry, ignorance, and economic slavery would have to be fully removed in order to give them their rightful place in Indian society. There is a need to change the mindset of men of having a superiority complex. There is a need to rewrite the rules giving equal rights to women and no discrimination on the basis of gender/ Sex of a person.

Actor Rajeev Khandelwal says, *“Men are brought up in our society with a mindset to make them feel superior and privileged than women. The actor feels the change will come in the mentality only if men start questioning the belief and consider women equal.”*

**Women are superior not equal to men**: Nature treated the women in different ways and made them biologically different. Some person calls the women as inferior but it is not so. The history says women were called Shakti. Shakti means power; woman is the power of man. Its high time that "Men should start asking themselves why do they feel superior or are better than women”?

Lt. Col. Dinesh Kapoor; an officer from Indian Army and an Alumnus of IMT Ghaziabad with more than 45 years of expertise in diverse profiles of **“Guarding the Nation (while serving in Army) to Building the Nation (while serving in Pvt Sector)”** is a perfectionist with a positive attitude. He was part of **Indian Peace Keeping Force (IPKF)** in Sir Lanka and had served in various Counter



Insurgency operations in J&K, Nagaland and Punjab with distinction. He also has a distinguished record of serving in Corporate Sector and was part of some of the prestigious mega construction projects in **India and UAE** in various capacities in the field of HR, Industrial Relations & Security. Loves to remain physically fit and enjoys Swimming, playing Tennis and Chess in his spare time.

# मां

## लेखिका - श्रीमती नीति सेठ, कानपुर

दुनिया है मां

खुशियां है मां

रब का आशीर्वाद मां

कुदरत का वरदान मां

नज़रों में बसती है मां

नज़र भी उतारती है मां

हर गलती छुपाती है मां

और साथ निभाती है मां

दुनिया से लड़ जाती है मां

इतनी हिम्मत जाने कहां से लाती है मां



हो कितनी भी मोहब्बत किसी से यहां

पर प्यार की शुरुआत तो होती है मां

जन्नत है मां

मेरी मन्नत है मां

गर कबूल हो इक दुआ.....

तो खुश रहे मेरी मां ❤️

Mrs. Neeti Seth is a homemaker and resides in Kanpur. She enjoys writing poems in her leisure time.



# बाबे लालू जी - खन्ना लोगों के कुल देवता

## लेखिका - श्रीमती चंदा मेहरोत्रा, आगरा

मैं आप लोगों को आज  एक नई जानकारी दे रही हूँ । वैसे तो खत्रीयो के इतिहास के बारे में पहले जान चुके हैं अब मैं आप लोगों को खन्नों के कुल देवता बाबे लालू जी के बारे में प्रकाश डालूंगी। खन्नों का गोत्र कौत्स है पर उनके कुल देवता श्री बाबे लालू जी हैं जिनकी स्थापना खंडों के घरों में आले में होती है। आले को पूरा लाल रंग से रंगा जाता है और कुल देवता को लाल कपड़े में लपेटकर आले के अंदर विराजमान किया जाता है। आजकल उनका स्थान पाकिस्तान में चला गया है जिसको देपालपुर के नाम से जाना जाता है। आज से 100 वर्ष पहले खन्नों के चोटी जनेऊ देपालपुर में ही किए जाते थे। आजकल भी जो लोग पाकिस्तान के आसपास हैं वह चोटी जनेऊ करने वही जाते हैं। वहां की बहुत मान्यता है, वहां पहुंचकर अपने कुलदेवता के दर्शन प्राप्त करते हैं। आजकल समस्त खन्ना परिवार दिल्ली में चोटी जनेऊ बाबे लालू जी के मंदिर में करते हैं। उसका पता यह है मंदिर श्री बाबा लालू जसराय जी (छिपिवाडा कलां, जामा मस्जिद, दिल्ली-११०००६)

पाकिस्तान बनने के लगभग दो सौ वर्ष पूर्व बाबा जी के सेवक श्री मोती लाल जी खन्ना, बाबा जी के प्रातः स्मरणीय दयावान श्री पंडित चनरा मुनि जी झिन्गद के वंशजी (बाबे वालो) से दीपालपुर मंदिर की एक ईंट मांग कर लाये थे जिसकी स्थापना इस मंदिर में विधिवत की गई और उस दिन से अब तक यह मंदिर श्री बाबा लालू जसराय के नाम से प्रसिद्ध है। उसी समय से यहाँ माघ के महीने में मेला लगता आ रहा है।

श्री  बाबे लालू जसराय देवाय नमः

चढ़े जब चाँद मकरन्द पूजा करे भानु की जोत पर रहे उजालू ।

देवी और देवता सिद्ध पूजा करे नित्य नारद उठ वेद बोलू ।।

कहे जोधाराय तेरी जोत जागे रहे सदा अगम निगम पूरन नहालू ।

दूध और पूत धन लक्ष्मी देत है सोई जागती जोत जसराय लालू ।।

बड़ोई दाता जाकौ सुमिरै परभाता,

नाम लेत दुख जाता ऐसे लालू जसरायजी । जू ।

लाल ही घोड़ा जोडालाल ही मंदिर,

सोहे जाको लाल हो आभूषण रहे मन भाय जू ।।१।।

हिंगलाज के सपूत बैरी मारे सब दूत ऐसो कहै

जोधाराय सो तौ सन्तन सहाय जू।

झिंगरन जै जैकार करै,

खन्ने जी चोटी धरे भट्ट ठाड़े अस्तुति करे भक्तन मन भाय जू।|२।।

जाको कवि जय जय करै जे सुमिरे होय काज ।

जाकू दुख दारिद्र नहीं जे सुमिरे जशराज ।।

जे सुमिरे जसराज, काज सब वाके होई ।।

जो सुमिरे जसराज, वो निर्धन रहे न कोई ।।

जे सुमिरे जसराज, दुख दारिद्र नशावे ।

और जे सुमिरे जसराज नित उठ मंगल गावे ।।

कवि जीवन जसराज सुमिरिये रिद्धि जा भजेय ।

श्री हिंगलाज कारज करहि बोल लाल मंदिर वाले बाबा की जय

।। इति श्री बाबे जी की अरदास बड़ी ।।



श्रीमती चंदा मेहरोत्रा कई सामाजिक संस्थाओं से जुड़ी हुई है यह आगरा खत्री महिला सभा की महामंत्री हैं व सभी सदस्यों को समय समय पर ज्ञानवर्धक जानकारी देती रहती हैं ।इसके अलावा यह अखिल भारतीय महिला परिषद शाखा , महिला शांति सेना, वनिता विकास , माधवी गौ सेवा समिति व उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक शाखा से भी जुड़ी हुई हैं ।

# जिंदगी

## लेखिका - श्रीमती पूनम टंडन, शाहजहाँपुर

दो पल की यह जिंदगी है

आज बचपन तो कल जवानी है

परसों बुढ़ापा है, फिर खतम कहानी है.

चलो हम हँसकर जी लें

चलो हम खुल कर जी लें

फिर न आने वाली कभी रात सुहानी है

फिर न आने वाला कभी दिन सुहाना है

कल जो बीत गया सो बीत गया

अरे, क्यों करते हो आने वाले कल की चिंता

आज अभी जी लो

दूसरा पल हो ना हो यही जिंदगी का सार है

इस पर अमल करो हे प्राणी

दो पल की है ये ज़िंदगानी



Mrs. Poonam Tandon resides in Shahjahanpur and enjoys writing poems in her leisure time.

# सपना

## लेखिका - श्रीमती रंजना कपूर, दिल्ली

कुछ पल जिन्दगी से जिन्दगी चुराने का सपना,

कुछ पल जिन्दगी की हलचल से दूर जाने का सपना,

पता मुझ को भी है, न तू कुछ सुन पायेगा, न मैं कुछ बोल पाऊँगी,

मेरे अल्फ़ाज़ कही बीच मे ही खो जाएंगे,

तेरे शब्द मेरे तक पहुंच नही पाएंगे,

फिर भी हर पल कुछ अलग सी चाह का सपना,

सपनों मे ही जिंदगी जी लेने का सपना, सपनों मे ही जिन्दगी जी लेने का सपना !

Ranjana Kapoor is a 52 years old homemaker, a rheumatoid arthritis patient and mother to two kids. She has a keen interest in planting. She has done Fashion Designing from YWCA and have been doing poetry since her teenage.



# कठपुतली

लेखिका - श्रीमती देवांगना चड्ढा, दिल्ली

पानी की बालटियाँ उठाने में ...

ना जाने  बचपन कहाँ रह गया ।

सुबह से शाम तक मज़दूरी में ...

माँ की लोरी अनसुनी रह गयी ।

सूरज  की पहली किरण आँखों पे क्या पड़ी ...

चाँद का ढ़लना भूल  गए ।

दो पैसे कमाने के चक्कर में ...

किताबें हाथ से छूट गयी ।

दो वक्त की रोटी के लिए कुछ ऐसे तरसे ...

सारी जवानी जी हज़ूरी में बीत गयी ।

छोटी उम्र में घर क्या सम्भाला ...

ख़्वाबों से दोस्ती ही टूट गयी।

पतंग के पीछे जिन गलियों से दौड़ें...

वो आज बेगानी हो गयीं ।

ट्रैफ़िक सिग्नल पे इंतेज़ार करते करते ...

ज़िंदगी तमाम हो  गयी ।

किसी की उतरन जो कभी मिली...

मानो जन्नत हमें हासिल हुई ।

खिलौनों से खेलना हम क्या जानें...

हमारी तो काया ही  कठपुतली बन गयी ।

ग़रीबी में जो पैदा हुए हम ...

मजबूरीयों तले तमाम उम्रक़ैद मिल गयी ।



Devangana Chadha, a poetess who aspires to be a well known writer one day. Currently a home maker and loves to live life to the fullest. Her hobbies are photography, painting, singing and dancing .




ekaangan@gmail.com | CONTACT | Dipali - +91 8130 555 355
Neena- +91 8826 102 369

# IKMG Matrimonial Group

जो खत्री परिवार अपने बच्चों के लिए उपयुक्त सजातीय रिश्ता तलाश कर रहे हैं उनसे आग्रह है कि IKMG MATRIMONIAL GROUP से जुड़ें। हमारे ग्रुप में उत्तर प्रदेश, दिल्ली, मुंबई, नोएडा, राजस्थान, पंजाब, मध्यप्रदेश, कोलकाता, हैदराबाद, अहमदाबाद, बैंगलोर आदि शहरों के सदस्य जुड़े हुए हैं।

इसी के साथ कुछ खत्री परिवारों के लड़के विदेश में कार्यरत हैं, जैसे अमेरिका, लंदन, जर्मनी आदि, जो परिवार विदेश में कार्यरत लड़कों से रिश्ते के इच्छुक हों वे भी सम्पर्क कर सकते हैं।

जिन लड़के/लड़कियों की शिक्षा कम है व उम्र अधिक हो गई है किन्तु विवाह नहीं हो सका वे भी आमंत्रित हैं।

तलाकशुदा/विधवा भी पुनर्विवाह के लिए ग्रुप से जुड़ सकते हैं।

ग्रुप से जुड़ने के लिए अपना नाम व शहर का नाम whatsapp नंबर 7309121921 पर भेजें या ईमेल dineshtandon055@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।

RAJ KHANNA, CHAIRMAN

DINESH TANDON, MODERATOR

# Three couples got married in April, 2022 through IKMG Matrimonial Group







*Love, laughter & happily ever after*




1. Shraddha Tandon of Kanpur married Tunul Tandon of Kanpur on 17th April, 2022

2. Ar. Shresth Saigal of Kanpur married Dr. Vanshika Tandon of Kanpur on 19th April, 2022

3. Preeti Mehrotra of Kanpur married Rajesh Tandon of Ghaziabad on 19th April, 2022

IKMG LTD

Connecting people who care..

Matrimonial group



# IKMG Patrika

## Invites our own writers

*for*

# July edition

Stories | Poems | Recipes | Artwork | Thoughts | Style

Pls. send your entries latest by June 15, 2022

Entries should be sent in word format only along with your brief introduction and a pic

*Keep writing; keep shining; keep smiling*

patrika@ikmgglobal.org
9958363661

KITCHEN

Tales

# ब्रेड और बिस्किट की पुडिंग

## श्रीमती पूनम टंडन द्वारा बनाने की विधि

## सामग्री

- दूध - आधा लीटर
- कस्टर्ड पाउडर - 5 टेबलस्पून
- चीनी - 6 टेबलस्पून
- ब्रेड - 8 पीस
- पारले जी बिस्किट - दो पैकेट
- कटे हुए ड्राई फ्रूट
- चेरी, जेली, चॉकलेट व इलायची पाउडर



# बनाने की विधि

सबसे पहले दूध चीनी कस्टर्ड पाउडर मिलाकर गैस पर कस्टर्ड तैयार कर ले। ठंडा करने के लिए कस्टर्ड को फ्रिज में रख दे, ब्रेड के दो पीस करें और एक शीशे के बाउल में ब्रेड के पीस को कस्टर्ड में डुबोकर लगाते जाएं। फिर बिस्किट को डुबोकर उसकी परत लगाएं। फिर उसके बाद जितनी परत आप ब्रेड और बिस्किट की लगाना चाहें लगा सकते हैं। बचे हुए कस्टर्ड को उसके ऊपर डाल दें। फिर कटी हुई मेवा, चेरी जेली इलायची पाउडर डालें। उसके ऊपर चॉकलेट को ग्रेड करें। फिर उसके ऊपर उसकी सजावट करना चाहें तो कर ले। फिर बाउल को जमाने के लिए फ्रिज में रख दें। 2-3 घंटे बाद आपकी ठंडी ठंडी ब्रेड बिस्किट पुडिंग तैयार है। अब उसे बाहर निकाल कर, पीस काट कर परोसे लें।



Mrs. Poonam Tandon resides in Shahjahanpur and enjoys writing poems in her leisure time.

# Summer Fruit – Phalsa

Writer: Ms. Archana Mehrotra, Lucknow

Falsa is also known as Black Currant in English.

Falsa is a very close relative of Blue Berry Fruit also known as Black Currant. Phalsa, also known as Indian Sherbet Berry, comes under the top list of exotic fruits in our country.

It has amazing health benefits like:

1. It is benefitted for Anaemia
2. It benefits us from Sun Stroke
3. It is beneficial for Stomach Pains
4. For Joint Pains

The Indian Sherbet Berry is widely used in the preparation of Sherbet, It is the powerhouse of Vitamins and nano minerals and also it is very easily digestible.

The Phalsa plant develops widely in South–East Asian Tropical Countries such as India, Nepal, Sri Lanka, Bangladesh, and Thailand. Though it is native to India. It is a seasonal crop with summer being the fruiting period.

The fruits remain fresh only for a short while upon harvest and hence must be consumed promptly.

The leaves are wide oval-shaped, orange, yellow flowers upon maturation, the short and shrubby phalsa tree has elongated wider and droopy branches.

The ripe phalsa fruit has a dark purple to the black outer skin, with a fleshy lighter coloured interior like grapes in appearance and taste, these fruits are drops and present themselves in branched clusters with characteristics of sweet and sour taste.



The nutrition profile of the Phalsa Fruit is remarkable with its Indian berry processing high moisture and water content loaded with a good number of calories and carbohydrates in the form of simple sugars to meet the energy needs, this fruit can be easily processed by the body.

Moreover, Phalsa also contains abundant amounts of Vitamin C, innumerable beneficial traces of minerals like Sodium and Iron, as well as potent antioxidants that assist in eliminating detrimental free radicals from oxides using healthy cells in the system.

Today's small purple fruit has proved its worth and is propagated to the warmer regions of North America and Australia so that people around the globe can obtain the marvellous advantages of Phalsa to boost overall health.

The health benefits of Phalsa are it Regulates Electrolyte Imbalance. Being high in Sodium content, Phalsa plays a crucial

role in balancing the key ions namely Sodium, Potassium, Chlorides etc. in the bloodstream. It effectively controls the transmission of impurities via nerves, for optimal enzyme function and muscle ache, and thus regulates the electrolyte imbalance. Effectively treat Anaemia. Phalsa has immense qualities of Iron, the mineral that is central in monitoring synthesis as well as the smooth flow of blood, between organs and tissues in the body.



In instances of Iron deficiency or Anaemia consuming the ripe fruit helps boost iron levels as well as combat dizziness and fatigue. It also relives in Joint Pain. The antioxidant content in Phalsa in the unripe fruits with anti-inflammatory properties. Thus, making it extremely beneficial in severe pain and arthritis, and osteoporosis and helps in increasing the mobility of joints.

Having a natural cooling effect, Phalsa is infused with an elevated water content which makes this precious summer fruit, a perfect choice for cooling the heated-up body, both on a hot day as well as during illness. Squeeze the juice out of Phalsa add a bit of jaggery and consume this desi sherbet to provide instant relief from scratching heat.

Not just these, Phalsa also helps in managing seasonal and chronic conditions such as malaria, diabetes, and hypertension. It controls Blood Sugar levels, phalsa fruit is blessed with polyphenols, and antioxidants and has a low glycaemic index

consuming a measured portion of phalsa or a small glass of phalsa sherbet post meals helps in suppressing sudden strike in blood glucose concentration. This tremendous antihyperglycemic effect of Phalsa makes it ideal to incorporate into a diet for those having diabetes.

Furthermore, the wealth of tannin, anthocyanin, and antioxidants in Phalsa prevents the accumulation of lipids in the bloodstream and clogging of cholesterol in blood vessels to avert cardiac ailments of atherosclerosis, arrhythmia, heart attacks and augment heart functions.

It effectively manages malaria. Malaria is a seasonal obscene transmitted by mosquito bites that affect many children and adults, particularly during the damp monsoon. Adding a small serving of Phalsa fruit to the regular diet confers valuable antipyretic or temperature-regulating analgesic that is pain-relieving treatments and decreases the symptoms like body pain, fever and discomfort.

Pointes to be noted:

1. Pregnant and lactating women must keep in mind not to consume too much of the fruit as it may lead to extreme malfunctions of body temperature.

2. Buy only the fresh product from known stores and vendors as the shelf life of the Phalsa fruit is very less and they get stale very soon

Ms. Archana Mehrotra resides in Lucknow and enjoys doing yoga, exploring new places, gardening, listening to music and watching movies.



जीवन बहुत खूबसूरत है बहुत अमूल्य है, पर कल क्या होगा ये किसी को नहीं पता।किसी भी परिवार में जो व्यक्ति कमाता है उसके ना रहने पर जो भावनात्मक नुकसान होता है, उसे कोई भी पूरा नहीं कर सकता।पर फाइनेंशियल नुकसान तो पूरा किया जा सकता है।

अपने परिवार के भविष्य के लिए सोचें।

**HDFC life** के पास है आपके लिए,

आपकी जरूरत के हिसाब से प्लान

संपर्क करे


rachnatandon28@gmail.com

9415019527

The Art Corner

# Happy Father's day

## Artist: Ms. Devangana Chadha, Delhi




Devangana Chadha, a poetess who aspires to be a well known writer one day. Currently a home maker and loves to live life to the fullest. Her hobbies are photography, painting, singing and dancing .



# Friends

## Artist: Ms. Mahika Sabharwal, Agra





Mahika Sabharwal resides in Agra and is a student of Class 8th. She enjoys artwork in her leisure time.

# Melody

## Artist: Mrs. Rachna Arora, Delhi



Rachna Arora is a homemaker and resides in Delhi. She enjoys cooking and art work in her leisure time.



# Pencil Sketch

## Artist: Ms. Pranvi Seth, Shahjahanpur



Pranvi Seth lives in Shahjahanpur UP . She is 10 years old and studies in class 5. She enjoys to spend her free time in sketching , dancing and singing.




Love
my
Style


Devangana Chadha
Delhi


Archana Mehrotra,
Lucknow


Monika Khatri
Agra


Dr. Shonu Mehrotra, Agra
Rakhi Chopra, Lakhimpur


Pawan Mehrotra
Agra


Dr. Shonu Mehrotra
Agra


Astha Tandon
Agra


Shelly Matta
Agra


Chhavi Mehrotra, Agra
Neena Mehra, Agra


Piyush Chandra Seth, Priya Seth
Pranvi Seth, Avyan Seth
Shahjahanpur


Poonam Tandon
Shahjahanpur


Chandra Mehrotra
Agra


Manju Mehra
Agra



patrika@ikmgglobal.org

+91 9958363661

*Printer & Publisher: IKMG Ltd.*
*Editor: Mr. Sharad Mehrotra*
*Proof Reading: Mr. Manoj Puri*

*IKMG reserves the rights for reproduction and distribution of the published content*
*IKMG does not support plagiarism and any such act is the sole responsibility of the writer*